तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024

11 आसमान ने ओढी सफेद चादर...



12 सुशासन के एक वर्ष पूर्ण : महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का हुआ सम्मान





# मांगलिक कार्यों में धोबी समाज का योगदान महत्वपूर्ण : मंत्री टंकराम

## जिला स्तरीय महिला सम्मेलन, शपथ ग्रहण और युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

धोबी समाज के तत्वावधान में नगर भवन में आयोजित जिला स्तरीय महिला सम्मेलन जिला पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि राजस्व खेलकूद एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा थे। अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल और जिला धोबी समाज के जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक द्वारा की गई। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बिलाईगढ़ एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े, रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कनौजे, नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कनौजे, मुख्य चुनाव अधिकारी पीपी बलभद्र, प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कनौजे, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक, आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, जिला चुनाव अधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक, बेमेतरा जिला अध्यक्ष अनिल रजक आदि मौजूद थे। जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक एवं उनके पदाधिकारियों को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा समाज के इष्ट देव स्वच्छता के जनक गाडगे महाराज एवं नातिन धोबिन दाई की प्रतीमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने पंडाल में हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाओं की भीड़ देख गदगद हुए और महिला प्रकोष्ठ प्रदेश ▶▶ शेष पेज 11 पर



### धोबी समाज के भवन निर्माण के लिए 10 लाख की घोषणा

मंत्री टंकराम ने कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास इस प्रकार की भावना के साथ काम करती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि धोबी समाज एक मेहनतकश समाज है। धोबी समाज के बिना किसी भी अन्य समाज के मांगलिक कार्य या सुख दुख के कार्य करना संभव नहीं है। ऐसे स्वच्छ धोबी समाज की अलग पहचान है। उन्होंने जिला धोबी समाज की मांग पर भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े, समाज के जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### महासमुंद विस के सांसद प्रतिनिधि बने नारेंद्र गिरी

**महासमुंद**। महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमार चौधरी ने महासमुंद जिले में सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। इसमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लिए वार्ड नं. 29 बीटीआई रोड महासमुंद निवासी नारेंद्र प्रकाश गिरी पिता स्व महेंद्र प्रकाश गिरी को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर भाजपाइयों में हर्ष व्याप्त है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**महासमुंद**। गुडरूपारा में रहने वाले अपने दोस्त से मिलने गए युवक के साथ कुछ युवकों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। पुलिस को पुराना सरकारी अस्पताल के पीछे रहने वाले ओम साहू ने बताया कि 22 दिसंबर को अपने दोस्त से मिलने उसके घर गुडरूपारा गया था। वापस लौटने के दौरान आम गली में आरोपी भोंदू उर्फ मनोज यादव, सोमू साहू, पुलश्य यादव व राहुल यादव ने एक राय होकर पुरानी रंजिशवश गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। बीच बचाव करने आए मेरे दोस्त रिंकू साहू के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### महासमुंद बना टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का अग्रणी जिला

**महासमुंद**। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत महासमुंद जिले की 292 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इस अद्वितीय उपलब्धि के साथ महासमुंद जिले ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता और टीम वर्क का प्रतीक है। मेडिकल कॉलेज रायपुर के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महासमुंद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सीएमएचओ डॉ. कुदेशिया ने इस उपलब्धि के लिए जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों और अन्य सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी की प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों की अहम भूमिका रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर ने बताया कि नियमित जांच, समर्पित इलाज और जन जागरुकता अभियान के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है।

### खरोरा में किसान दिवस मनाया

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में किसान दिवस मनाया गया। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, कोसाम बघेल, मीना चंद्राकर, सीमा चंद्राकर, सीताराम बघेल ने बताया कि राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर के दिन मनाया जाता है। इस दिन किसानों का अमूल्य योगदान का उत्स व मनाते है।

## नई सरकार गठन बाद शासी परिषद की दूसरी बैठक संपन्न

# डीएमएफ का ग्रामीण विकास में है महत्त्वपूर्ण योगदान : मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश, वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए लगभग 81 करोड़ की कार्य–योजना का अनुमोदन

संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता एवं मंत्री टंकराम वर्मा की उपस्थिति में आज जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी परिषद की बैठक हुई। इसमें अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए लगभग 81 करोड़ की कार्य–योजना का अनुमोदन किया गया है। इसमें 2024–25 के कार्य योजना अन्तर्गत प्राथमिक सेक्टर में 49 करोड़ रूपये एवं अन्य सेक्टर के लिए 32 करोड़ रूपये के कार्य शामिल हैं।

बैठक में जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, विधायक भाटापारा इंद्र साव, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, सदस्य अजय राव, संकेत अग्रवाल, चित्ररेखा साहू अन्य नामांकित सदस्यो सहित जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, अन्य समस्त विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर दीपक सोनी ने बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उपलब्ध कुल राशि के 60 प्रतिशत काम उच्च प्राथमिकता के और 40 प्रतिशत काम अन्य प्राथमिकता के कामों में खर्च किए जाएंगे। पदेन सचिव जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया कि उच्च प्राथमिकता के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य देख–भाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य गतिविधियां, महिला एवं बाल विकास, वृद्ध एवं निःशक्तजन कल्याण, कौशल विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, जनकल्याण के काम, सतत जीविकोपार्जन और इन कामों को संपादित करने के लिए मानस संसाधन की आपूर्ति शामिल हैं। अन्य प्राथमिकता के अंतर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सार्वजनिक परिवहन, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण, युवा गतिविधियों को बढ़ावा, ग्राम सभा के क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण, राज्य शासन की योजनाओं कार्यक्रम पूर्ति के लिए शामिल हैं।




### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की समझौता नहीं

कैबिनेट मंत्री वर्मा ने कहा कि डीएमएफ का ग्रामीण विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान है। हमारी सरकार एक नई सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए डीएमएफ की राशि का उचित उपयोग करेगी, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण एजेंसियां समय सीमा भीतर गुणवत्ता युक्त कार्य करें। उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की समझौता नहीं स्वीकार किया जाएगा। श्री वर्मा ने निर्माण कार्यों से ज्यादा प्राथमिकता सेवा संबंधी कार्यों को दिए गए हैं। अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स, टेक्निशियन के रिक्त पदों पर डीएमएफ के मद से पूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों के लिए सरकार से नियमित रूप से बजट नहीं मिल पाता है, उनके लिए गैप फिलिंग के तौर पर काम लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यों को सैद्धांतिक स्वीकृति भी प्रदान की गई।

# नपा व पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन दीपक सोनी के निर्देश में आगामी नगर पालिका एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों का प्रथम चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें दो दिनों में कुल 6097 अधिकारी कर्मचारी हिस्सा लेंगे। प्रशिक्षण में किसी भी अधिकारी कर्मचारियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबधित रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को दिए हैं। उक्त प्रशिक्षण नगरीय निकायों में आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम पं. चक्रपाणि शुक्ल विद्यालय बलौदाबाजार 160, गजानंद अग्रवाल स्नाकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा 320, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल सिमगा में 80, बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी 80, पी एम श्री शासकीय हाई स्कूल, लवन 80, स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल 80, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल टुण्डरा 80 एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहांसी में भी 80 अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षण लेंगे। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत के लिए जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल बलौदाबाजार में 1735, स्वामी आत्मानंद स्कूल पलारी 978, पंचम दीवान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा 780, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मध्यम स्कूल सिमगा 1035, कसडोल अंतर्गत डी ए वी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छरछेद 1569 में शामिल होंगे।

# घासीदास जयंती में शामिल हुए विधायक इंद्र साव



**सिमगा**। ग्राम कचलोन में गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम में विधायक इंद्र साव शामिल हुए। जहां समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला से स्वागत किया। विधायक ने उपस्थित लोगों को गुरु घासीदास जयंती की बधाई देते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा ने संपूर्ण मानव जाति को जो अमृत ▶▶ शेष पेज 11 पर

# केंद्रीय गृह मंत्री के बयान का विरोध, बसपा का प्रदर्शन आज


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर की टिप्पणी के विरोध में देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया है। इसी तारतम्य में जिले में बसपा 24 दिसंबर को शांति प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगी। बसपा ने अमित शाह के अनर्गल बयान को लेकर मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से विरोध प्रकट किया है। साथ ही देशभर में बहुजन समाज पार्टी द्वारा मंगलवार को सभी जिला स्तर पर शांति पूर्ण प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम पर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का निर्देश प्राप्त हुआ है। विदित हो कि 18 दिसम्बर को संसद भवन में सदन की कार्यवाही के दौरान देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर अशोभनीय, अमर्यादित वक्तव्य देने के कारण बहुजन समाज की भावनाओं एवं स्वाभिमान को आघात पहुंचा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बसपा प्रदेशाध्यक्ष श्याम टंडन ने पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष को अपने-अपने जिले में तैयारी के साथ अधिक से अधिक जनसंख्या में उपस्थिति दर्ज कराकर 24 दिसम्बर को शांति प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने की अपील की है।

# धरती ने ओढ़ी कोहरे की चादर गाड़ियों की रफ्तार हुई कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

अंचल में मौसम ने जैसे ही अपना मिजाज बदला वैसे ही ठंडी ने अपना कहर बरसाना शुरू कर दिया। कुछ दिन पहले ही क्षेत्र में काली घटाओं ने अपना डेरा जमा रखा था, फिर मौसम खुलने के पश्चात ही अंचल में मौसम एक सप्ताह से लगातार बदल रहा है। ठंडी हवाओं के चलने के कारण ठंड के असर से वाहनों के पहिए भी थम से गए हैं। लोगों को काम में जाने के लिए कोहरे छटने का इंतजार करना पड़ रहा है। दो–तीन दिन से सुबह आठ से नौ बजे के बाद ही रास्ता साफ दिखाई पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों के ▶▶ शेष पेज 11 पर



### घने कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार



**बलौदाबाजार**। गत दो दिनों से आसमान में बादल छाये रहने के पश्चात सोमवार सुबह अंचल में घनघोर कोहरा छाये रहने से विजीबिलिटी काफी कम रहने से वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ा। कोहरा छाये रहने से सुबह 7 बजे सूर्योदय के पश्चात भी सूर्य की मंद रोशनी सिर्फ आसमान पर दिखाई दे रही थी। वहीं मार्निंगवाक पर निकले नगरवासी इस सीजन में पहली बार कोहरे का आनंद उठाते प्रसन्न थे।

## उपायुक्त ने प्रबंधक पर कार्रवाई के लिए प्राधिकृत अधिकारी को लिखा पत्र

# निरीक्षण पर धान उपार्जन केंद्र में मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

धान उपार्जन केंद्र रिकोकला में नियमों के विरुद्ध खरीदी की शिकायत पर गिरौदपुरी एसडीएम, तहसीलदार सोनाखान और खाद्य निरीक्षक की संयुक्त टीम उपार्जन केंद्र पहुंची, जहां कई अनियमितताएं अधिकारियों को मिली। इसके बाद अधिकारियों ने सम्पूर्ण जांचकर उचित कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिवेदन सौंपा। इसके बाद सहकारिता विभाग के उपायुक्त ने कार्रवाई करते हुए रिकोकला के प्राधिकृत अधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई के लिए कहा। उपायुक्त ने पत्र के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गर्या. रिकोकला को कहा कि एसडीएम के नेतृत्व में तहसीलदार सोनाखान तथा खाद्य निरीक्षक कसडोल द्वारा 12 दिसम्बर को जांच की गई है, जिसमें फड़ प्रभारी/प्रबंधक चेतन डड़सेना द्वारा फड़ में रखे धान की सुरक्षा भण्डारण में पर्याप्त त्रिपाल व डेनेज की व्यवस्था नहीं की गई तथा मौके पर रैडम तौल में कृषकों से औसत वजन ▶▶ शेष पेज 11 पर




### अध्यक्ष के हस्तक्षेप बावजूद प्रबंधक कर रहा टाल मटौल

उपायुक्त का पत्र प्राधिकृत अधिकारी को मिलने के बाद लगातार मौजूदा प्रबंधक चेतना डडसेना को हटाने समिति में पदस्थ अन्य कर्मचारियों को बोला जा रहा है, लेकिन मौजूदा प्रबंधक से अन्य कर्मचारी प्रभार लेने से हिचकिचा रहे हैं।

### उपायुक्त ने यह किया निर्देशित

उपायुक्त ने प्राधिकृत अधिकारी से कहा कि धान उपार्जन केन्द्र रिकोकला के फड़ प्रभारी/ प्रबंधक चेतन डड़सेना को तत्काल प्रभाव से हटाकर किसी अन्य कर्मचारी को प्रभारी बनाया जाए। साथ ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी सेवा नियम 2018 की कंडिका 16 के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी कर आरोपी कर्मचारी को 7 दिवस के अंदर इस कार्यालय में उक्तानुसार हुई त्रुटि के लिये अपना पक्ष प्रस्तुत किये जाने निर्देशित किया जाए। अन्यथा की स्थिति में सेवा से बर्खास्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

### पदभार नहीं सौंपने पर कार्रवाई होगी

उपायुक्त के माध्यम से पत्र मिलने के बाद मेरे द्वारा समिति प्रबंधक को अन्य कर्मचारी को पदभार देने कहा जा रहा है, लेकिन पदभार नहीं दिया जा रहा है। सहकारिता सीईओ से बात की गई है। कल सीईओ नहीं आते और पदभार नहीं दिया गया तो आगामी कार्रवाई की जायेगी।

-मोहित डडसेना,
प्राधिकृत अधिकारी, सहकारी समिति रिकोकला

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### लभांडी से जोरा तक सर्विस रोड का काम शुरू

**रायपुर।** लभांडी से जोरा तक सर्विस रोड की दूसरी लेयर का काम शुरू हो गया। विदित हो कि रायपुर से महासमुंद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात का अत्यंत दबाव बना रहता है, जिसके चलते भीषण सड़क दुर्घटनाओं के कारण अनंत लोगों के असमय प्राण-पखेरू उड़ गए और अनगिनत लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा पहले भी इस सर्विस रोड के लिए लगातार जनप्रतिनिधियों से लेकर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुख्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी जनरल मैनेजर केके मिश्रा के अलावा रायपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के रीजनल मैनेजर और प्रोजेक्ट डायरेक्टर के संज्ञान में लाते हुए काम शुरू कराया गया था और अब फिर से यही नवनिर्मित सर्विस रोड की प्रथम परत के बाद दूसरी परत का भी जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य आरंभ कराया गया है।

### बाबा आंबेडकर हमारे फैशन इन्सपिरेशन और मोटिवेशन

**रायपुर।** सामाजिक संस्था डॉ. आंबेडकर अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता भगवानू नायक ने देश की उच्च सदन राज्यसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के बारे की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, बाबा साहब हमारे फैशन, इन्सपिरेशन और मोटिवेशन हैं। बाबा साहब के कारण ही देश का वंचित वर्ग गर्व से सिर उठाकर जी रहा है। गृहमंत्री के बयान के बाद दलितों के प्रति भाजपा की सोच दर्शित हो गई। भाजपा के नेता कभी संविधान को बदलने की बात करते हैं, कभी आरक्षण की समीक्षा करने की बात करते हैं। अब तो संविधान निर्माता और दलितों के महानायक बाबा साहब के विषय में ही आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं, जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, 75वीं वर्षगांठ पर संविधान पर चर्चा महज दिखावा है, भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है।

### मो. रफी के 100वें जन्मदिवस पर आज रंगारंग प्रस्तुति

**रायपुर।** हेमंत कुमार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 24 दिसंबर को मायाराम सुरजन हॉल में शाम 6 बजे से सुप्रसिद्ध गायक स्व. मो. रफी के 100वें जन्मदिन पर रायपुर के कलाकारों द्वारा कराओके की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर शहर के सिंगर्स मोहनी मल्लेवार, भूमि सागर, किट्टू सिन्हा, पंचमी शेन्द्रे, संध्या ठाकुर, कृष्णा शेषगिरी राव, हेमंत कुमार, मनोहर ठाकुर, डॉ. विजय तिवारी, मनोज मसंद, अतीक रहमान, संजय सिंह, प्रदीप साहू प्रस्तुति देंगे। तकनीकी सलाहकार एवं मंच संचालक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, शेषगिरी राव होंगे।

### आम सूचना

मै शपथकर्ती साधन बाई बंजारे पति विश्राम बंजारे जाति सतनामी उम्र 55 वर्ष साकिन धाराशिव, तहसील लवन, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे नाम से छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा लवन में खता खुला है। जिसमें मेरा नाम अंजोरा बाई सतनामी पिता रामरतन दर्ज हो गया है। जिसका खाता क्रमांक 5122015253 है। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम साधन बाई बंजारे दर्ज है। जिसका आधार कार्ड नंबर - 5661 3441 7365 है। यह कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज मेरा नाम साधन बाई बंजारे व मेरे बैंक पासबुक में मेरा नाम अंजोरा बाई सतनामी दर्ज है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति का अर्थात मेरा नाम ही है। मेरे को ग्राम में दोनो नाम से जाना व पहचाना जाता है। यह कि साधन बाई बंजारे व अंजोरा बाई सतनामी दोनो एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है। जिसके समर्थन में शपथ पूर्वक कथन प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ती**
**साधन बाई बंजारे**
**साकिन धाराशिव, तहसील लवन, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

# पुरानी पद्धति से अंतिम ग्रेडिंग, छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को बी प्लस, रिसर्च व इंफ्रास्ट्रक्चर में पिछड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेडिंग हासिल हुआ है। इसके पूर्व महाविद्यालय के पास बी ग्रेडिंग थी तथा उसके पूर्व बी प्लस ग्रेडिंग महाविद्यालय के पास थी। यूजीसी द्वारा महाविद्यालयों की ग्रेडिंग प्रणाली बदली जा रही है। नववर्ष से इसके लागू होने की संभावना है। ऐसे में छग कॉलेज को अंतिम बार पुरानी पद्धति से ग्रेड मिले हैं। रिसर्च वर्क में महाविद्यालय के अंक कटे हैं। इसके अलावा प्राचीन महाविद्यालय होने के अनुपात में इंफ्रास्ट्रक्चर ना होने के कारण अंक नहीं मिल सके।

- पुरानी पद्धति से ग्रेडिंग कराने वाला यह जिले का अंतिम महाविद्यालय

विजिटिंग के लिए आई नैक टीम ने लाइब्रेरी में पुरानी किताबों को लेकर भी नाराजगी जाहिर की थी। यहां विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन किताबें उपलब्ध हैं, लेकिन ऑफलाइन किताबों में नई किताबें अधिक संख्या में नहीं हैं। पाठ्योत्तर गतिविधियों में कमी भी महाविद्यालय के लिए माइनस मार्किंग साबित हुई। गौरतलब है कि नैक टीम ने 11 और 12 दिसंबर को महाविद्यालय का दौरा किया था। उनके द्वारा सब्मिट की गई रिपोर्ट के आधार पर यूजीसी ने यह ग्रेडिंग प्रदान की है।

## इसके पूर्व महाविद्यालय के पास था बी ग्रेड, नई ग्रेडिंग में एक पायदान ऊपर

### खेल व एनसीसी ने बचाई लाज

महाविद्यालय के खेल और एनसीसी ने ग्रेडिंग को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। इसमें छात्रों का अच्छा प्रदर्शन फायदेमंद साबित हुआ। इसके अलवा ऑटोनॉमस महाविद्यालय होने के कारण यहां सिलेबस अपग्रेडेशन और परीक्षा संबंधित गतिविधियों का संचालन महाविद्यालय स्तर पर होता है। बीते कुछ वर्षों में इस दिशा में हुए कार्य भी प्लस प्वाइंट बने। शिक्षक-छात्र अनुपात को भी नैक टीम ने सराहा।




### नहीं दे सके थे प्रस्तुति

महाविद्यालय में नैक ग्रेडिंग को लेकर तैयारियां तीन-चार सालों पूर्व ही कर दी गई थी। उस वक्त महाविद्यालय बी प्लस से बी श्रेणी में पहुंच गया था। ऐसे में उसे बेहतर करने कई स्तर पर प्रयास किए गए। इस बार प्रबंधन को बी डबल प्लस अथवा ए ग्रेड की उम्मीद थी। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.अमिताभ बनर्जी का तबादला नैक दौरे के महज 20 दिन पहले ही उच्च शिक्षा विभाग ने कर दिया था। उनके स्थान पर डॉ.तपेशचंद्र गुप्ता को पदोन्नत करते हुए प्राचार्य नियुक्त किया गया। इसका असर अंतिम प्रस्तुति पर पड़ा। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, नैक टीम के समक्ष महाविद्यालय उचित तरीके से प्रस्तुतिकरण नहीं दे सका था। बड़ी संख्या में प्राध्यापकों के इंग्लिश ना समझने और टीम संग संवाद ना कर सकने को लेकर भी नैक टीम ने नाराजगी जताई थी। ये सारी बातें भी बी डबल प्लस मिलने में बाधा बनी।

## दो दशक पुरानी समस्या, फंड स्वीकृत, मुआवजा बांटने में देर

# तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण में हमेशा की तरह क्रेडिट लेने हल्ला मचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के तात्यापारा से शारदा चौक के बीच सड़क चौड़ीकरण की समस्या 2 दशक बाद भी दूर नहीं हो पाई है। सड़क चौड़ीकरण के लिए हमेशा की तरह क्रेडिट लेने हल्ला मचा, प्रभावित क्षेत्र के व्यापारियों के साथ बैठक हुई, पर काम रत्तीभर आगे सरकने की जगह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। मसौदा को सुलझाने में फिर चुनावी पेंच आड़े आ रहा है। निकाय चुनाव में यह मुद्दा एक बार फिर उछलने के आसार हैं। पूर्व सरकार ने इस सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का प्रावधान किया था।

- काम रत्तीभर नहीं, योजना ठंडे बस्ते में

20 साल पुरानी ट्रैफिक जाम की समस्या में फंड स्वीकृत होने के बाद सरकार बदल गई, पर काम सरक नहीं पाया। विभागीय अधिकारी अभी तक मकान दुकान के दस्तावेज जांच रहे हैं, जबकि मसौदा तैयार है, 94 मकान व दुकान सड़क चौड़ीकरण के दायरे में हैं। दस्तावेजी प्रमाण के आधार पर इनके प्रभावितों की जानकारी जुटाने के बाद मुआवजा मिलेगा। सड़क चौड़ीकरण का काम लोक निर्माण को करना है। सूत्रों के मुताबिक 120 करोड़ की राशि मुआवजा बांटने में खर्च होना है। इस प्रक्रिया को जिला प्रशासन व राजस्व विभाग को करना है।



### 700 मीटर का पेंच, 80 फीट चौड़ी सड़क

करीबन 700 मीटर लंबे पेंच में 80 फीट सड़क चौड़ीकरण का काम होना है। इसके लिए नगर निगम, जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त सर्वे कर पूर्व में रिपोर्ट भी तैयार की। 94 दुकानें सड़क चौड़ीकरण दायरे में चिन्हांकित की गईं। सर्वे में तय किया गया कि 500 मीटर के दायरे में ही 8 से 12 फीट तक तोड़फोड़ करनी होगी। प्रभावित दुकानों के मालिकों को कागजी दस्तावेज के आधार पर मुआवजा तय करने की प्रक्रिया पूरी होनी है। मुआवजा राशि देने के बाद जमीन से कब्जा हटाया जाना प्रस्तावित है। राजस्व विभाग जांच, सीमांकन और मुआवजा तय करने के बाद लोक निर्माण विभाग को रिपोर्ट देगा। पूर्व सरकार ने इस सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का प्रावधान किया था। इसके आधार पर लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स ने निर्माण के लिए करीब 7 करोड़ का अनुमानित लागत का इस्टीमेट बनाया। इसके बाद सड़क चौड़ीकरण में आगे काम शुरू नहीं हो पाया और फाइल बंद रही। अब निकाय चुनाव के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है।

### रोज शाम लगता है ट्रैफिक जाम, पब्लिक त्रस्त, राहत नहीं

शारदा चौक से तात्यापारा मार्ग के बीच सड़क चौड़ीकरण नहीं होने से राजधानीवासियों को आए दिन ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ रहा है। वहीं इस क्षेत्र के कारोबारियों का व्यापार भी इससे काफी हद तक प्रभावित हुआ है। सुबह से देर शाम तक यह स्थिति निर्मित होती है। इस दौरान गाड़ियों की लाइन लग जाती है।

# दिव्यांग छात्रों को मिलेंगी परीक्षा में विशेष सुविधाएं ऑनलाइन दे सकेंगे अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

10वीं-12वीं की परीक्षाओं के दौरान विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सीबीएसई फरवरी से प्रारंभ होने वाली परीक्षाओं में ये सुविधाएं प्रदान करेगा। इसके लिए 28 दिसंबर तक आवेदन मांगे गए हैं।

- वेब पोर्टल परीक्षा संगम में 28 दिसंबर तक देनी होगी जानकारी

बोर्ड ने कहा कि स्कूलों को इन सुविधाओं के लिए कोई भी अनुरोध परीक्षा संगम वेब पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। पोर्टल में उम्मीदवारों की सूची (एलओसी) में भरे गए डेटा के अनुसार सभी सीडब्ल्यूएसएन छात्रों की सूची प्रदर्शित होगी। साथ ही प्रत्येक छात्र द्वारा उनकी विशिष्ट विकलांगता के आधार पर प्राप्त की जा सकने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया जाएगा।

स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस अवधि के भीतर सभी प्रासंगिक जानकारी प्रस्तुत की जाए। दी गई समयसीमा के बाद या ऑफलाइन मोड के माध्यम से प्रस्तुत किए गए अनुरोध किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। स्कूलों से कहा गया है कि वे सर्कुलर के साथ संलग्न मैनुअल को ध्यान से पढ़ें और सुचारू तथा कुशल प्रक्रिया के लिए उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करें।



### एडमिट कार्ड पर दिखाई देंगी सुविधाएं

स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने निर्धारित लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके पोर्टल में लॉग-इन करें ताकि उन छात्रों के लिए आवश्यक चयन किया जा सके जो किसी भी इन सुविधाओं का उपयोग करना चाहते हैं। एक बार अतिरिक्त सुविधाओं का चुनाव किए जाने के बाद, ये सुविधाएं छात्रों के एडमिट कार्ड पर दिखाई देंगी। स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा केंद्र अच्छी तरह से तैयार हैं और उम्मीदवारों को बिना किसी असुविधा के आवश्यक व्यवस्था प्रदान करने में सक्षम हैं।

# नर्रा खरीदी केंद्र में बारदानों की कमी के साथ ही धान का उठाव नहीं, खरीदी रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बीते 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी चल रही है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कोमाखान के अंतर्गत प्राथमिक साख सहकारी समिति नर्रा में अब तक पैतीस दिवस में कुल कृषकों के संख्या 1517 में से मात्र 650 किसानों ने 43227 क्विंटल धान बेचा है। जबकि 867 अब भी धान बेचना बाकी है। वही केंद्र में नए व पुराना बारदाने की कमी के चलते सोमवार को नर्रा गांव किसानों की बारी के दिन में धान की खरीदी प्रभावित रहा है। एक तरफ खरीदी केंद्र में लिमिट से अधिक जाम धान की बोरी की छल्ली लगाने जगह



नहीं।

जिससे केंद्र प्रभारी के आलावा किसानों की भी चिंता बढ़ गई है। ऐसे में खरीदी केंद्र नर्रा में बारदाने की कमी के साथ-साथ धान का उठाव नहीं होना भी बड़ी समस्या के बन गई है। इस संबंध में नर्रा सोसायटी अध्यक्ष कलाराम नायक ने सोमवार की शाम रात तक बारदाना पहुंचने बात कहीं है।

### गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले की बलौदा पुलिस ने बाइक से गांजा ले जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 4 किलो गांजा (कीमत 80 हजार रुपए) बरामद किया गया है। मामले में पकड़े गए युवकों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि 22 दिसंबर को सूचना मिली थी कि 2 व्यक्ति एक काले रंग की बिना नंबर मोटरसायकल होंडा एसपी-125 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहे हैं। इस सूचना के बाद फारेस्ट नाका सिरपुर जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए हुलिया के मोटरसायकल में 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए, जिन्हें रोका गया। दोनों बीच में सीट के उपर एक काला कलर का पिट्ठू बैग रखे थे, बैग के सामान के संबंध में पूछताछ करने पर गोल-मोल जबाब देने लगे।

### आसमान ने ओढी सफेद चादर...



**पलारी।** सोमवार की सुबह से ही पलारी सहित अंचल में घनघोर कोहरा छाया रहा, मानो आसमान ने सफेद चादर ओढ़ ली हो। यह पहली दफा है जब इतनी धुंध लोगों ने कि दस मिटर के दूर से लोग दिखाई भी नहीं दे रहे थे। चालकों को हेडलाइन चालू कर वाहन चलाना पड़ा। सुबह 8 .30 बजे तक घना कोहरा छाया रहा, ऊपर से ओस की बुंदे लोगों को कापने पर मजबूर कर रही थी।

## पेज 9 के शेष

### धोबी समाज के...

अध्यक्ष निर्मला रजक की जमकर तारिफ की। साथ ही जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक और सामाजिक पदाधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि धोबी समाज पहले की अपेक्षा अब अत्यधिक जागरूक हो चुकी हैं। धोबी समाज में भी अब एकता की ताकत देखने को मिल रही है। यही एकता बनाए रखेंगे तो निश्चित ही समाज से विधायक सांसद बनने से कोई रोक नहीं सकता। कार्यक्रम में प्रदेश उपकोष अध्यक्ष धनेश्वर निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष नीलमणि चौधरी, दिनेश निर्मलकर, भागीराम निर्मलकर, हरि निर्मलकर, भाजपा नेत्री सुनीता वर्मा, नीलम सोनी, समाज के जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक निर्मलकर, कोहरौद सरपंच कांति श्रीराम रजक, महिला प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष शीलादेवी रजक, अनुराधा कर्ष, सुरेश कनौजे, शंकर रजक, द्वारीका निर्मलकर, रामजी रजक, अश्वनी रजक, पंचराम रजक, श्यामता प्रसाद रजक, हार्दिक रजक, चेतन कनौजे, उमाशंकर कर्ष, पुनीत रजक, महेंद्र रजक, संजय रजक, कुलदीप कनोजे एवं दसों राज के राजप्रधान जिला पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में समाज के महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

### घासीदास जयंती में ...

स्वरूप अपने वचन प्रदान किया है, जो हम सबके लिए अमूल्य धरोहर है। उनके वाणी वचनों को हमें अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। आज के समय में गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर ही चलकर हम सबका कल्याण हो सकता है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष कुछ मांगें रखी, जिसे विधायक ने विधायक निधि से शीघ्र ही पूरा करने की बात कहीं। जयंती पर पंथी नृत्य का आयोजन भी किया गया।

### धरती ने ओढ़ी...

खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर अलाव का सहारा ले रहे हैं। वहीं वाहन चालक भी रात के समय ऊनी कपड़ों का उपयोग कर रहे हैं। सर्दी का मौसम शुरू होते ही ठंड ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सुबह-शाम और रात में ठंड के कारण लोगों ने स्वेटर, जर्सी पहनना शुरू कर दिया है एवं रात में बढ़ती ठंड को देखकर चौराहों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ने वाला है। सुबह–सुबह कोहरा छाने के बाद दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी का भी ऐहसास होता है, लेकिन अब मौसम विभाग के अनुसार रोजाना ठंड बढ़ने लगी है। यह ठंड का पहला चरण है और तापमान में रोजाना गिरावट दर्ज की जाएगी। इसलिए ठंड से बचने की सलाह दी जा रही है। सर्दियों में विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को अपना ख्याल रखने की जरूरत है। बदलते मौसम के कारण बच्चों बुजुर्गों को अधिक खतरा होता है, खासकर नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों को अतिरिक्त गर्म कपड़े पहनाने की सलाह दी जा रही है। रात में चौराहे पर अलाव जलाकर समूह बनाकर लोगों को आग का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है।

### निरीक्षण पर धान ...

से अधिक तौल का धान लिया जाना पाया गया, जो फड़ प्रभारी/प्रबंधक चेतन डड़सेना के कार्य के प्रति लापरवाही व उदासीनता को दर्शाता है। संलग्न प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि चेतन डड़सेना द्वारा धान खरीदी नीति 2024-25 में धान खरीदी संबंधी दिये गये निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। चेतन डडसेना का यह कृत्य संस्था के हितों के विपरीत शासन को नुकसान पहुंचाने वाला है, जो घोर लापरवाही का परिचायक है।






# मंगलम विलास

## भाटापारा रोड, बलौदाबाजार

RERA NO. - PCGRERA271021001290

हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY

आज ही बुक करें
अपना विला

Bank Finance Available From Leading Financial Institutions
90% फायनेंस सुविधा उपलब्ध



सिर्फ 2 लाख रू. देकर
90% फायनेंस सुविधा का लाभ उठावें

- किफायती बजट
- शानदार सुविधाएं

Office Address - Hotel Park Plaza, Garden Chowk, Baloda Bazar (C.G.), Mo. 9039510000, 9826612100



जय भारत जय छत्तीसगढ़ जय जवान जय किसान किसान जवान कल्याण महासंघ ज़िन्दाबाद जय भारत जय छत्तीसगढ़ जय जवान जय किसान किसान जवान कल्याण महासंघ ज़िन्दाबाद जय भारत जय छत्तीसगढ़ जय जवान जय किसान किसान जवान कल्याण महासंघ ज़िन्दाबाद

भारत माता की जय



JAI JAWAN JAI KISAN

छत्तीसगढ़ महतारी की जय

छत्तीसगढ़ के युवा सपूत,
किसानों के मसीहा, लोकप्रिय जननेता

## श्रीमान मुरारी मिश्रा जी

के लगातार 15वें वर्ष की
जनचेतना
पदयात्रा
का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत...

अब तक 14 वर्ष की जनचेतना पदयात्रा में 449 गांव एवं 1559 किलोमीटर की पदयात्रा संपन्न की जा चुकी है।

शराब छोड़ाबो..... गांव बचाबो...

**20 दिसंबर से 24 दिसंबर**

गोढ़ी (s) सिंगारपुर से खपराडीह, मिरगी, परसाडीह, मोपर, सेम्हराडीह होते हुए बलौदाबाजार
जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर महोदय को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम से शराबबंदी और अवैध शराब के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन, तत्पश्चात गार्डन चौक पर शराब तथा नशा का पुतला दहन एवं इस वर्ष की पदयात्रा का समापन

विनीत- रिखीराम वर्मा, बलराम साहू, हीरा सिंह ध्रुव, श्यामलाल साहू, विष्णु साहू, पिण्टू साहू, गोकुल साहू, सालिग़राम साहू, महेश साहू, ईश्वर साहू, परमेश्वर निषाद, कोमल यादव, जतिन कुमार, पुष्पेन्द्र वर्मा, ओम प्रकाश यदु, रवि यदु, गोविंद साहू, कुरुण साहू, अमर यादव, देवादास डहरे, उत्तम धृतलहरे, होलीराम यादव, शंकर साहू, कांशीराम भगवाना, प्रीतम साहू, राधेश्याम साहू,ललित धृतलहरे, जीवन साहू, लोकनाथ साहू, राकेश मिश्रा, दुर्गेश साहू, भानु निषाद, वासु, वीरेंद्र जांगड़े, विवेक वर्मा, हेमंत वर्मा, रामकुमार साहू, कपिल निषाद, इतवारी सोनकर, रवि वर्मा, रामनाथ धीवर, राहुल पटेल, चंदन पटेल, धनेश्वर वर्मा, अजय सिन्हा, साहेबदास कोसले, डगेश्वर पटेल, नीरज जायसवाल, दुष्यंत जायसवाल, पुलकित जायसवाल, संतोष यदु, धर्मेंद्र ध्रुव, चैन सिंह ध्रुव, विनोद यदु, रवि प्रकाश यदु, रोशन यदु, राजू निषाद, खोमेश साहू, सन्नी साहू, राकेश रजक, प्रभुदयाल यदु, जितेंद्र जांगड़े, मुकेश साहू, गुलशन साहू, परमेश्वर वर्मा, खुमान वर्मा, विक्की वर्मा, कामदेव वर्मा, शिवा मरकाम, वाशु वर्मा, युवराज वर्मा, दीपक यादव, जतिन भसगौरी, विनोद ध्रुव, सोनू ध्रुव, गणपत ध्रुव, देवेंद्र ध्रुव, लालू ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव, दादू, अमन ध्रुव, नेतराम ध्रुव, जिनेश ध्रुव, केदार ध्रुव, साधराम ध्रुव, आधार ध्रुव, नितेन ध्रुव, चंदाराम ध्रुव, खेलावन ध्रुव,h



मुरारी मिश्रा
प्रदेश अध्यक्ष-किसान जवान कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़
वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक पूर्व सभापति
जिला पंचायत रायपुर

जय भारत जय छत्तीसगढ़ जय जवान जय किसान किसान जवान कल्याण महासंघ ज़िन्दाबाद जय भारत जय छत्तीसगढ़ जय जवान जय किसान किसान जवान कल्याण महासंघ ज़िन्दाबाद जय भारत जय छत्तीसगढ़ जय जवान जय किसान किसान जवान कल्याण महासंघ ज़िन्दाबाद

